अतः आप यह सूचना पत्र प्राप्ती के 15 दिवस के अन्दर अपना प्रतिवाद उत्तर सिविल सर्जन, भिण्ड के माध्यम से प्रस्तुत करें, कि क्यों न आपके विरूद्ध उक्त कृत्य हेतु मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 के अंतर्गत लघुशास्ति अधिरोपित की जावें? यदि आपका उत्तर समय–सीमा में प्राप्त नही होता है तो यह मानकर कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में निर्णय किया जावेगा।

(नीतेश व्यास)
आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनाय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

पृ.क.क्रमांक/4/शिका./अना.अनु./फा.558/250/- भोपाल,दिनांक 22/10/2019,

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रमुख सचिव म.प्र.शासन, लोक स्वास्थ्य एवं प.क.विभाग,मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल म.प्र.।
2. उप संचालक,विज्ञप्त/गोपनीय/लीगल स्थानीय कार्यलय।
3. संचालक, रास्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) जेल रोड़ भोपाल म.प्र.की ओर सूचनार्थ म.प्र.।
4. कलेक्टर,जिला–भिण्ड म.प्र.।
5. क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, ग्वालियर संभाग ग्वालियर म.प्र.।
6. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला भिण्ड म.प्र.। कारण बताओं सूचना पत्र को इनके स्थाई पते पर भेजें, कारण बताओं सूचना पत्र की तामीली करवाया जाना भी सुनिशिचत करें एवं इनकी पदस्थापना स्थल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर पंचनामा तैयार करें। कृपया अभिस्वीकृति/पंचनामे का पालन प्रतिवेदन 10 दिवस में भिजवाना सुनिश्चित करें।
7. सिविल सर्जन सह अधीक्षक, जिला चिकित्सालय भिण्ड म.प्र.।
8. प्रभारी एम.आई.एस.सेल,स्थानीय कार्यालय की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है, कि विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करावें।
9. आदेश नस्ती।

22/10

(नीतेश व्यास)
आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनाय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

कमांक.4/शिका./सेल.1/उमरिया/वि.प्र.क.2989/2019/2979 भोपाल, दिनांक 22/10/2019

प्रति,

डॉ.राजेश श्रीवास्तव,
प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला उमरिया,मध्यप्रदेश।

द्वारा :– क्षेत्रीय संचालक,स्वास्थ्य सेवायें,रीवा संभाग,रीवा, मध्यप्रदेश।

विषयः– डॉ.राजेश श्रीवास्तव,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया,मध्यप्रदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियंत्रण तथा अपील) नियम,1966 के नियम, 16 अंतर्गत कारण बताओं नोटिस।

00–00

यह कि आप डॉ.राजेश श्रीवास्तव, जिला उमरिया में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर पदस्थ है।

जिला उमरिया में आपके मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर पदस्थी दौरान जुलाई 2019 विधान सभा बजट सत्र में माननीय विधायक महोदय श्री केदारनाथ शुक्ल द्वारा प्रश्न कमांक.2998 **(प्रतिलिपि संलग्न)** फर्जी नियुक्तियों की शिकायत पर कार्यवाही के संबंध में पूँछा गया।

विधायक महोदय द्वारा पूँछे गये प्रश्न के बिन्दु कमांक. (क) के संदर्भ में संचालनालय द्वारा पत्र कमांक.2032 दिनांक 8.7.2019 **(प्रतिलिपि संलग्न)** कलेक्टर, उमरिया को प्रेषित कर, पृष्ठांकन प्रतिलिपि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया (स्वयं आपको) को संबोधित थी जिसमें संचालनालय स्तर से आपको स्पष्ट निर्देश जारी किये गये थे कि आप कलेक्टर, उमरिया से व्यक्तिगत संपर्क शीघ्र करते हुये प्रश्न के बिन्दु कमांक.(क) में तत्कालीन कलेक्टर,उमरिया ने उनके आदेश दिनांक 04.01.2017 द्वारा गठित जांच समिति ,जिसमें कलेक्टर, उमरिया द्वारा क्या निर्णय लिया गया संबंधी कार्यवाही की जानकारी शीघ्र प्राप्त कर संचालनालय को प्रेषित करें।

कलेक्टर, उमरिया ने संचालनालय स्तर से. जारी पत्र दिनांक 8.7.2019 के माध्यम से चाही गई जानकारी उनके पत्र कमांक.244/शिका./कले./2019/दिनांक 10.07.2019 **(प्रतिलिपि संलग्न)** के माध्यम से आपको प्राप्त होने के बावजूद भी आपने पत्र कमांक.3457/दिनांक 12.07.2019 **(प्रतिलिपि संलग्न)** के माध्यम से प्रश्न के बिन्दु कमांक. (क) के उत्तर में उक्त जानकारी को आपने छुपाते हुये भ्रामक जानकारी यह दी गई कि इस कार्यालय के अधीन वर्ष 2005 एवं 2007 में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियमित नियुक्तियॉ कलेक्टर, उमरिया की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के अनुमोदन/अनुशंसा उपरान्त रिक्त पदों की पूर्ति नियमानुसार की गई है। फर्जी नियुक्तियॉ नहीं हुई है। फर्जी नियुक्ति के संबंध में शिकायत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया को प्राप्त नहीं हुई है। नियुक्तियॉ नियमानुसार की गई है जिसमें कोई अधिकारी/कर्मचारी दोषी नहीं है,**जबकि कलेक्टर, उमरिया ने पत्र कमांक.244/दिनांक 10.07.2019 द्वारा** संचालनालय को इस आशय की जानकारी प्रेषित की गई कि कार्यालयीन आदेश दिनांक 04.01.2017 द्वारा जांच समिति का गठन किया गया था। जांच समिति के सदस्यों का स्थानांतरण अन्यत्र होने के कारण कलेक्टर, उमरिया द्वारा पुनः जांच दल आदेश कमांक.240/दिनांक 9.7.2019 द्वारा गठित किया गया है विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

निरन्तर.....2

कलेक्टर, उमरिया से विधान सभा तारांकित प्रश्न कमांक.2998 के बिन्दु कमांक. (क) के संदर्भ में जब आपको जानकारी समय सीमा में प्राप्त हो गई थी तो आपने प्रश्न के बिन्दु कमांक. (क) में स्वविवेक से जानकारी तैयार कर संचालनालय को प्रेषित करना उचित क्यों नहीं समझा ? आपका उक्त कृत्य पदीय दायित्वों के प्रति धोर लापरवाही/उदासीनता को परिलक्षित करता है।

विधान सभा तारांकित प्रश्न कमांक.2998 में प्रश्न के बिन्दु कमांक. (क) के अतिरिक्त प्रश्न के बिन्दु कमांक.(ग) में भी आपने भ्रामक उत्तर इस आशय का प्रस्तुत किया कि श्रीमती संध्या चतुर्वेदी का स्थानांतर संचालनालय के आदेश कमांक.2/अवि./सेल.टी.पी./शिका./2017/536–बी, दिनांक 10.07.2019 द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, करकेली उमरिया से जिला शहड़ोल के अधीन किया गया **जबकि** श्रीमती चतुर्वेदी का स्थानांतर संचालनालय के आदेश कमांक.536–बी/दिनांक 10.07.2017 द्वारा जिला उमरिया से जिला शहड़ोल किया गया था।

यह कि आपसे प्रश्न के समस्त बिन्दुओं पर समय–समय पर दूरभाष पर संपर्क कर प्रश्न के बिन्दुवार एवं पठनीय जानकारी भेजने हेतु निर्देशित किये जाने के बावजूद भी आपके द्वारा प्रश्न के अनुरूप चाही गई जानकारी , समयावधि में संचालनालय को प्रेषित नहीं की गई जिससे विधान सभा में प्रश्न का उत्तर समय–सीमा में प्रेषित नहीं किया जा सका जिसके परिणामस्वरूप विधान सभा में विभाग की छवि धूमिल हुई है।

आपका उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम–3 के उप नियम, एक के खण्ड़ (i) (ii) (iii) के अनुरूप न होकर कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही की श्रेणी में आता है तथा आप उक्त कृत्य करके अनुशासनात्मक कार्यवाही के भागी बन गये है।

अतः आप यह सूचना पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर अपना प्रतिवाद उत्तर क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें,रीवा संभाग,रीवा के माध्यम से प्रस्तुत करें, कि क्यों न आपके विरूद्ध उक्त कृत्य हेतु मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम, 10 अंतर्गत लधुशास्ति अधिरोपित की जावें ? यदि आपका उत्तर समय–सीमा में प्राप्त नहीं होता है तो यह मानकर कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना, एक पक्षीय कार्यवाही का निर्णय लेते हुये प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा।

<u>संचालक,लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा अनुमोदित।</u>

(डॉ.कैलाश बुन्देला)
अपर संचालक (प्रशासन)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

निरन्तर.....3

पृ.कमांक.4/शिका./सेल.1/उमरिया/वि.प्र.क.2989/2019/ भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,मंत्रालय,वल्लभ भवन, भोपाल मध्यप्रदेश की ओर प्रेषित्।
2. कलेक्टर,जिला उमरिया की ओर उनके आदेश कमांक.240/शिका./कले./2019/दिनांक 9.7.2019 एवं पत्र कमांक.244/शिका./कले./2019/दिनांक 10.07.2019 एवं पत्र कमांक. 244/शिका./कले./2019/दिनांक 10.07.2019 के संदर्भ में प्रेषित।
3. निज सहायक, संचालक, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण,स्थानीय कार्यालय की ओर विषयान्तर्गत प्रकरण में प्राप्त निर्देशों के पालन में प्रेषित।
4. उप संचालक, अविज्ञप्त शाखा स्थानीय कार्यालय की ओर जुलाई 2019 में आपको आबंटित तारांकित प्रश्न कमांक.2998 के संदर्भ में शाखा को उक्त प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित टीप दिनांक 18.09.2019 के संदर्भ में प्रेषित।
5. संयुक्त संचालक,विधान सभा शाखा,स्थानीय कार्यालय की ओर जुलाई 2019 में अविज्ञप्त शाखा को आबंटित तारांकित प्रश्न कमांक.2998 के संदर्भ में प्रेषित।
6. उप संचालक,विज्ञप्त/गोपनीय/लीगल शाखा स्थानीय कार्यालय।
7. क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें,रीवा संभाग,रीवा की ओर जारी नोटिस की प्रति प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि जारी नोटिस संबंधित डॉ.राजेश श्रीवास्तव, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया को तामिल कराते हुये तामिली रिपोर्ट संचालनालय को शीध्र उपलब्ध कराते हुये उनसे प्रतिवाद उत्तर भी समयावधि में प्राप्त कर प्राप्त प्रतिवाद उत्तर पर अपना अभिमत अंकित कर संचालनालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।
8. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,जिला उमरिया,मध्यप्रदेश।
9. संभागीय कोष एवं लेखा रीवा संभाग, रीवा, मध्यप्रदेश।
10. जिला कोषालय अधिकारी जिला उमरिया ,मध्यप्रदेश।
11. प्रभारी एम.आई.एस.सेल.स्थानीय कार्यालय की ओर जारी नोटिस की प्रति भेजकर लेख किया जाता है कि जारी नोटिस विभाग की वेब साईट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।

अपर संचालक (प्रशासन)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय

प्रतिलिपि संलग्न

प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : 15/07/2019

सदन में उत्तर देने का दिनांक : 23/07/2019 विभाग का नाम : लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

विषय : फर्जी नियुक्तियों की शिकायत पर कार्यवाही

(तारांकित प्रश्न क्रमांक : 2998) श्रीकेदारनाथ शुक्ल

क्या लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या उमरिया में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (CMHO एवं सिविल सर्जन सह अस्पताल)) द्वारा वर्ष 2005 से 2015 तक की गई नियमित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों की फर्जी नियुक्तियों की शिकायतें समय-समय पर शासन को विभिन्न स्तरों पर प्राप्त हुई ... यदि हां, तो शासन द्वारा उन फर्जी नियुक्तियों के लिए दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है ? (ख) प्रश्नांश (क) के परिप्रेक्ष्य में प्रश्नांकित विभाग द्वारा फर्जी (कूटरचित) ट्रेजरी ई पेमेंट No. S-4400 42505 से S-4400 42509 दिनांक 17.05.2013, No. S-4400 45795 से S-4400 45797 तक दिनांक 03.07.2013 No. S-4400 69044 एवं No. S-440069045 दिनांक 03.06.2014 तथा No. 440068249 से S-440068259 तक दिनांक 23.05.2014 के कैशबुक बिल रजि. एवं व्हाउचर्स का संधारण नियमानुसार किया गया है ? यदि हां तो उक्त पृष्ठों की छायाप्रति उपलब्ध करावें । (ग) क्या जिला उमरिया के कर्मचारी Emp. Code No. 440004501 एवं Emp. Code No. 440004422 द्वारा प्रथम नियुक्ति से आज दिनांक तक नियमित रूप से किसी कार्यालय में सेवाएं दी गई है ? यदि हां तो कहां-कहां ?

उत्तर :

DD (NS)

21/7/15

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

प्रतिलिपि संलग्न (90)

क्रमांक.4/शिका/सेल.1/उमरिया/2019/2032 भोपाल, दिनांक 8-7-19

प्रति,

कलेक्टर,
जिला–उमरिया,
मध्यप्रदेश।

विषयः–श्री आर.डी.त्रिपाठी, लेखापाल कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया के विरूद्ध अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बॉधवगढ़ की अध्यक्षता में गठित जांच दल का जांच प्रतिवेदन अविलंब अभिमत सहित उपलब्ध कराने बाबत् अनुरोध।

संदर्भ :–आपका आदेश क्रमांक.04/पी.ए./कले./उम./जांच/2017/उमरिया दिनांक 04.01.2017 एवं संचालनालय द्वारा आपकी ओर प्रेषित पत्र क्रमांक.1953/दिनांक 02.11.2018

00–00

उपरोक्त विषयान्तर्गत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया में पदस्थ श्री आर.डी.त्रिपाठी, लेखापाल एवं श्री वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सहायक वर्ग–2 के द्वारा कर्मचारियों के वेतन की राशि का गबन एवं फर्जी अवैध नियुक्तियों की जांच हेतु आपके द्वारा आदेश क्रमांक.04/पी.ए./कले./उम./जांच/2017/उमरिया/दिनांक 4.1.2017 द्वारा श्री ऋषि पवार,अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बॉधवगढ़ की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच दल का गठन किया गया था के संबंध में संचालनालय द्वारा उपरोक्त संदर्भित पत्र क्रमांक.1953/दिनांक 2.11.2018 आपकी ओर प्रेषित कर अनुरोध किया गया था कि आपके द्वारा गठित जांच दल द्वारा की गई जांच के जांच प्रतिवेदन की प्रति एवं संबंधित अभिलेख तथा प्रकरण में आपके द्वारा की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति चाही गई थी जो अप्राप्त है।

विषयान्तर्गत प्रकरण में विधान सभा तारांकित प्रश्न क्रमांक.2998 माननीय विधायक महोदय श्री केदारनाथ शुक्ल द्वारा पूँछा गया है जिसकी प्रति आपकी ओर पत्र के साथ संलग्न प्रेषित कर अनुरोध है कि उक्त प्रश्न का उत्तर अविलंब तैयार कर विधान सभा शाखा को प्रेषित किया जाना है।

अतः आपसे अनुरोध कर लेख है कि विषयान्तर्गत प्रकरण में आपके आदेश दिनांक 4.1.2017 द्वारा श्री ऋषि पवार,अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बॉधवगढ़ की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय जांच दल द्वारा प्रेषित जांच प्रतिवेदन पर आपके द्वारा लिये गये निर्णय संबंधी जानकारी से अविलंब संचालनालय को अवगत कराने का कष्ट करें ताकि प्राप्त विधान सभा प्रश्न क्रमांक.2998 का उत्तर तैयार कर विधान सभा शाखा को समय–सीमा में प्रेषित किया जा सकें।

संलग्नः– प्रश्न क्रमांक.2998 की प्रति।

8/7/19
(डॉ.विनोद कुमार देशमुख)
उप संचालक (शिकायत)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक.4/शिका/सेल.1/उमरिया/2019/2033 भोपाल, दिनांक 8-7-19

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. प्रमुख सचिव,मध्यप्रदेश शासन,लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,मंत्रालय,वल्लभ भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश की ओर प्राप्त तारांकित प्रश्न क्रमांक.2998 के संदर्भ में प्रेषित।
2. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया, मध्यप्रदेश की ओर पत्र की प्रति प्रेषित करते हुये निर्देशित किया जाता है कि आप कलेक्टर, उमरिया से व्यक्तिगत संपर्क शीध्र आज ही करते हुये विषयान्तर्गत शिकायती प्रकरण में कलेक्टर, उमरिया द्वारा श्री ऋषि पवार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बॉधवगढ़ की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय जांच दल द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन पर कलेक्टर, उमरिया द्वारा लिये गये निर्णय संबंधी कार्यवाही की जानकारी, मय प्रमाण के प्राप्त कर संचालनालय को तारांकित प्रश्न क्रमांक.2998 के संदर्भ में अवगत कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रश्न का उत्तर समय–सीमा में प्रेषित किया जा सकें **अन्यथा विलंब हेतु आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।**

8/7/19
उप संचालक (शिकायत)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

(96)

कार्यालय कलेक्टर जिला उमरिया मध्यप्रदेश

कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07653–222600 फैक्स 222100
E-mail - dmumaria@mp.nic.in

क्र0/244/शिका./कले./2019 उमरिया दिनांक 10/07/2019

प्रति,

उपसंचालक (शिकायत)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
भोपाल

विषय :– श्री आर0डी0 त्रिपाठी लेखापाल कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया के विरूद्ध अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बांधवगढ की अध्यक्षता में गठित जांच दल का जांच प्रतिवेदन के संबंध में।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक/04/शिका./सेल–1/उमरिया/2019/ भोपाल दिनांक 08/07/2019

–00–

कृपया विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें । कार्यालयीन आदेश क्रमांक/04/पीए/कले./उम./जांच/2017 दिनांक 04.01.2017 के माध्यम से श्री आर0डी0 त्रिपाठी लेखापाल कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया के विरूद्ध कर्मचारियों के वेतन की राशि का गबन/फर्जी नियुक्तियों की शिकायत की जांच हेतु श्री ऋषि पवार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बांधवगढ़ की अध्यक्षता में जांच दल का गठन किया गया था। उक्त संबंध में श्री त्रिपाठी के विरूद्ध जांच दल द्वारा की गई जांच का जांच प्रतिवेदन संबंधित अभिलेख तथा प्रकरण में की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति उपलब्ध कराने का लेख किया गया है।

उक्त संबंध में लेख है कि श्री गिथिलेश प्यासी (एडवोकेट) रामपति एवं महिला बाल विकास विभाग व सदस्य जिला पंचायत उमरिया द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया में पदस्थ प्रधान लेखापाल श्री आर0डी0 त्रिपाठी के विरूद्ध शासकीय कर्मचारी की वेतन की राशि में गबन किये जाने की शिकायत की गई थी। प्राप्त शिकायत की जांच हेतु कार्यालयीन आदेश क्रमांक/330/पीए./कले./उम./जांच/2016/उमरिया दिनांक 13/12/2016 एवं संशोधित आदेश क्रमांक/04/पीए/कले./उम./जांच/2017 दिनांक 04.01.2017 द्वारा 04 सदस्यीय जांच दल गठित कर जांच कराया गया। जांच दल द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन का परीक्षण अपर कलेक्टर जिला उमरिया से कराया गया। जिसमें अपर कलेक्टर द्वारा निष्कर्षतः जांच समिति द्वारा निर्धारित जांच बिन्दुओं पर जांच नहीं कि गई, इसलिये पुनः जांच प्रतिवेदन लिये जाने हेतु प्रस्तावित किया गया। उक्त प्रस्ताव अनुसार कार्यालयीन पत्र क्रमांक 359/पीए/कले./उम./जांच/2017 दिनांक 28.08.2017 द्वारा जांच दल को बिन्दुवार संयुक्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु लेख किया गया था, किन्तु जांच दल के अधिकारी श्री ऋषि पवार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बांधवगढ़ एवं श्रीमती राजनी सिंह सिंगराम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली का स्थानांतरण अन्यत्र होने के कारण जांच प्रतिवेदन अप्राप्त है। जिस कारण पुनः जांच दल गठित कर प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जा रही है। विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

अतः उपरोक्तानुसार वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन प्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

10/07

(स्वरोचिष सोमवंशी)
कलेक्टर
जिला उमरिया (म0प्र0)

(97)

कार्यालय कलेक्टर जिला उमरिया मध्यप्रदेश

कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07653–222600, फैक्स क्रमांक 07653–222106
E-mail– dmumaria@mp.nic.in

क्रमांक/191/1 /शिका./कले./2019 उमरिया, दिनांक 07/06/2019

–:: आदेश ::–

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 04/पीए/कले./उम./दिनांक 04.01.2017 द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया में पदस्थ प्रधान लेखापाल श्री आर.डी. त्रिपाठी द्वारा शासकीय कर्मचारियों के वेतन की राशि में गबन किये जाने की शिकायत जांच हेतु समिति गठित की गई थी जिसमें समिति द्वारा समस्त विन्दुओं पर प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया है साथ ही समिति के अध्यक्ष श्री ऋषि पवार अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ एवं सदस्य श्रीमती साधना सिंगराम, डिप्टी कलेक्टर उमरिया का स्थानांतरण अन्यत्र हो जाने के कारण उक्त शिकायत के समस्त विन्दुओं पर जांच हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया गया था :–

1– श्री नीलाम्बर मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग बांधवगढ़ अध्यक्ष
2– श्री संदीप जायसवाल, प्र. तहसीलदार, तहसील बांधवगढ़, जिला उमरिया सदस्य
3– श्री राजाराम लडिया, कोषालय अधिकारी, जिला उमरिया सदस्य

उपरोक्तानुसार जांच समिति प्रकरण की बिन्दुवार जांच कर बिन्दुवार जांच प्रतिवेदन अपने स्पष्ट अभिमत के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

(स्वरोचिष सोमवंशी)
कलेक्टर
जिला उमरिया (म0प्र0)
उमरिया, दिनांक07/06/2019

पृ0क्रमांक/191/1 /शिका./कले./2019

प्रतिलिपि :–

1– मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उमरिया की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2– श्री नीलाम्बर मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग बांधवगढ़, जिला उमरिया की ओर पालनार्थ।
3– श्री संदीप जायसवाल, प्र. तहसीलदार, तहसील बांधवगढ़, जिला उमरिया की ओर पालनार्थ।
4– श्री राजाराम लडिया, कोषालय अधिकारी, जिला उमरिया की ओर पालनार्थ।

कलेक्टर
जिला उमरिया (म0प्र0)

(98)

कार्यालय कलेक्टर जिला उमरिया मध्यप्रदेश

कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07653-222600, फैक्स क्रमांक 07653-222106
E-mail - dmumaria@mp.nic.in

क्रमांक / 2,५० / शिक्षा. / कले. / 2019 उमरिया, दिनांक ०9 / 07 / 2019

-:: संशोधित आदेश ::-

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 04 / पीए / कले. / उम. / दिनांक 04.01.2017 द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया में पदस्थ प्रधान लेखापाल श्री आर.डी. त्रिपाठी द्वारा शासकीय कर्मचारियों के वेतन की राशि में गबन किये जाने की शिकायत जांच हेतु समिति गठित की गई थी जिसमें समिति द्वारा समस्त बिन्दुओं पर प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया है साथ ही समिति के अध्यक्ष श्री ऋषि पवार अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ एवं सदस्य श्रीमती राधना सिंगराम, डिप्टी कलेक्टर उमरिया का स्थानांतरण अन्यत्र हो जाने के कारण उक्त शिकायत के समस्त बिन्दुओं पर जांच हेतु कार्यालयीन आदेश क्र0 191 / 1 / शिक्षा. / कले. / 2019 उमरिया दिनांक 07.06.2019 द्वारा नवीन समिति गठित की गई थी किन्तु इसके दो सदस्यों का स्थानांतरण अन्यत्र होने के कारण जांच समिति मे आंशिक संशोधन करते हुए निम्नानुसार जांच समिति का गठन किया जाता है :-

1- श्री नीलमणी अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर, जिला उमरिया — अध्यक्ष
2- श्री राजाराम लडिया, कोषालय अधिकारी, जिला उमरिया — सदस्य
3- श्री अभिषेक पाण्डेय, प्र. तहसीलदार, नजूल, जिला उमरिया — सदस्य

उपरोक्तानुसार जांच समिति प्रकरण की बिन्दुवार विस्तृत जांच कर बिन्दुवार जांच प्रतिवेदन अपने स्पष्ट अभिमत के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

(रवरोचिष शीगवंशी)
कलेक्टर
जिला उमरिया (म0प्र0)

पृ0क्रमांक / 85 / / शिक्षा. / कले. / 2019 उमरिया, दिनांक ०9 / 07 / 2019.

प्रतिलिपि :-

1- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उमरिया की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2- श्री नीलमणी अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर, जिला उमरिया की ओर पालनार्थ।
3- श्री राजाराम लडिया, कोषालय अधिकारी, जिला उमरिया की ओर पालनार्थ।
4- श्री अभिषेक पाण्डेय, नायब तहसीलदार, जिला उमरिया की ओर पालनार्थ।
5- संबंधित ..... की ओर सूचनार्थ।

कलेक्टर
जिला उमरिया (म0प्र0)

(92)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया (म.प्र.)

क्र / वि स. / 2019 / 2145 उमरिया दिनांक 12-04-2019

प्रति,

उप संचालक (विधान सभा)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें भोपाल (म.प्र.)

विषयः— विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 2998 की जानकारी प्रेषित करने बाबत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 2998 की जानकारी चाही गई है जो निम्नानुसार प्रेषित है –

प्रश्न (क) क्या उमरिया में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (CMHO एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल) द्वारा वर्ष 2005 से 2015 तक की गई नियमित तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी पदों की फर्जी नियुक्तियों की शिकायतें समय–समय पर शासन को विभिन्न स्तरों पर प्राप्त हुई हैं ? यदि हाँ तो शासन द्वारा उन फर्जी नियुक्तियों के लिये दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

उत्तर इस कार्यालय के अधीन वर्ष 2005 एवं 2007 में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियमित नियुक्तियां कलेक्टर उमरिया की अध्यक्षता में गठित जिला चयन समिति के अनुमोदन / अनुशंसा उपरांत रिक्त पदों की पूर्ति नियमानुसार की गई है। फर्जी नियुक्तियां नहीं हुई हैं। फर्जी नियुक्ति के संबंध में शिकायत इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई हैं। नियुक्तियां नियमानुसार की गई हैं इसमें कोई अधिकारी / कर्मचारी दोषी नहीं है।

प्रश्न (ख) प्रश्नांश (क) के परिपेक्ष्य में प्रश्नांकित विभाग द्वारा फर्जी (कूटरचित) ट्रेजरी ई पेमेन्ट No. S440042505 से S-440042509 दिनांक 17.05.2013 , No. S440045795 से S-440045797 तक दिनांक 03.07.2013, No. S440069044 एवं S-440069045 तक दिनांक 03.06.2014, No. S440068249 से S-440068259 तक दिनांक 23.05.2014 के कैशबुक बिल रजिस्टर एवं व्हाउचर्स का संधारण नियमानुसार किया गया है ? यदि हाँ तो उक्त पृष्ठों की छायाप्रति उपलब्ध करावें।

उत्तर ट्रेजरी पेमेन्ट No. S440042505 से S-440042509 दिनांक 17.05.2013 , No. S440045795 से S-440045797 तक दिनांक 03.07.2013, No. S440069044 एवं S-440069045 तक दिनांक 03.06.2014, No. S440068249 से S-440068259 तक दिनांक 23.05.2014 द्वारा कर्मचारियों के वेतन भत्तों का भुगतान किया गया है जिसमें कोई कूटरचना नहीं की गई है कर्मचारियों के वेतन उनकी उपस्थिति पत्रक अनुसार उनके बैंक खातों में ई- पेमेन्ट के माध्यम से भुगतान किया गया है। छायाप्रति संलग्न है।

प्रश्न (ग) क्या जिला उमरिया के कर्मचारी Emp Code no 440004501 एवं Emp Code no 440004422 द्वारा प्रथम नियुक्ति से आज दिनांक तक नियमित रूप से किसी कार्यालय में सेवाएं दी गई है ? यदि हाँ तो कहाँ–कहाँ ?

उत्तर हाँ Emp Code no 440004501 श्रीमती संध्या चतुर्वेदी रिकार्ड कीपर के पद पर प्रथम नियुक्ति दिनांक 12.11.2007 को उपस्थित हुई। कार्यालयीन आदेश क्रमांक / स्था. / 07 / 3914–15 दिनांक 12.11.2007 द्वारा श्रीमती चतुर्वेदी की डियुटी जिला मुख्यालय में लगाई गई थी। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें रीवा संभाग रीवा के आदेश क्रमांक / स्था अवि / डी.पी.सी. / 13 / 2950–61 दिनांक 25.04.2013 के द्वारा श्रीमती

चतुर्वेदी की पदोन्नति संगणक के पद पर की गई। कार्यालयीन आदेश क्रमांक/स्था./14/662 दिनांक 12.02.2014 द्वारा श्रीमती चतुर्वेदी की डियुटी परिवार कल्याण शाखा जिला मुख्यालय में लगाई गई थी। तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया द्वारा आदेश क्रमांक/स्था./16/5125–26 दिनांक 26.11.2019 द्वारा आदेशानुसार प्राथमिक स्वा. केन्द्र करकेली में उपस्थित हुई। वर्तमान में श्रीमती चतुर्वेदी का स्थानांतरण संचालनालय स्वा. सेवायें म.प्र. भोपाल के आदेश क्रमांक/2/अवि./सेल–टी.पी./शिका/2017/536–वी भोपाल दिनांक 10.07.2019 द्वारा प्राथ. स्वा. केन्द्र करकेली जिला उमरिया से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला शहडोल के अधीन किया गया है जिसके परिपेक्ष्य में उन्हे कार्यमुक्त किया जा चुका है।

Emp Code no 440004422 श्रीमती कल्पना द्विवेदी की प्रथम नियुक्ति दिनांक 04.04.2008 को हुई थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उमरिया द्वारा इनकी डियुटी जिला मुख्यालय में लगाई गई। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें रीवा संभाग रीवा के आदेश क्रमांक/स्था अवि/डी.पी.सी./12/4614 दिनांक 11.10.2012 के द्वारा पदोन्नति लैब असिस्टेन्ट के पद पर जिला चिकित्सालय शहडोल किया गया जिला चिकित्सालय शहडोल में श्रीमती द्विवेदी दिनांक 30.10.2012 को अपने पदोन्नति पद पर उपस्थित हुई। संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. भोपाल के आदेश क्रमांक2/अवि.सेल–टी.पी./2013/755 आई भोपाल दिनांक 07.09.2013 द्वारा इनका स्थानांतरण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया किया गया जिला चिकित्सालय शहडोल से दिनांक 11.09.2013 को कार्यमुक्त होकर इस कार्यालय में दिनांक 12.09.2013 को अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया के आदेश क्रमांक/स्था./15/5303 दिनांक 18.09.2013 को श्रीमती द्विवेदी की डियुटी जिला चिकित्सालय उमरिया में लगाई गई थी। आदेश दिनांक 12.02.2014 के परिपालन में श्रीमती द्विवेदी सामु. स्वा. केन्द्र पाली में उपस्थित हुई। कार्यालयीन आदेश क्रमांक/स्था./1429 दिनांक 14.03.2014 द्वारा जिला चिकित्सालय उमरिया में डियुटी लगाई गई थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया के आदेश क्रमांक/स्था./16/5127-28 दिनांक 26.11.2016 द्वारा श्रीमती द्विवेदी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली हेतु आदेशित किया गया है।

उपरोक्त कर्मचारियों के नियुक्ति दिनांक से नियंत्रक अधिकारी तत्कालीन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उमरिया के आदेशानुसार जहाँ भी डियुटी लगाई जाकर कार्य करने हेतु आदेशित किया गया वहाँ निरंतर कार्य सम्पादित किया गया है।

सेलरी 2 4 टेम

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला उमरिया (म.प्र.)
उमरिया दिनांक

पृ0क्र./वि.स./2019/
प्रतिलिपि :– वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. स्वास्थ्य आयुक्त संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. भोपाल।
2. उप संचालक (शिकायत) संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. भोपाल।
3. क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें रीवा संभाग रीवा (म.प्र.)।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला उमरिया (म.प्र.)

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

क्रमांक.4 / शिका. / सेल.2 / ग्वालियर / 2019 / 2978 भोपाल, दिनांक 22/10/2019

// आदेश //

कलेक्टर, जिला ग्वालियर ने ज्ञाप दिनांक 02.02.2016 संचालनालय को प्रेषित करते हुये यह अवगत करवाया कि सिविल अस्पताल, ग्वालियर में पदस्थ डॉक्टरों की अनियमित उपस्थिति एवं मरीजों को उपचार हेतु परेशान होने की खबरें दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित होने पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, ग्वालियर द्वारा सिविल अस्पताल, ग्वालियर का दिनांक.30.12.2015 को ओ.पी. डी. (सायंकाल 5.00 से 6.00 के मध्य) का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सिविल अस्पताल ग्वालियर में शिशुरोग विशेषज्ञ के पद पर पदस्थ डॉ.ए.के. सिंधल अपने पदीय कर्त्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं पाये जाने पर संचालनालय के पत्र क्रमांक. 1838 / दिनांक 04.08.2016 द्वारा उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी कर प्रतिवाद उत्तर चाहा गया।

डॉ.सिंधल द्वारा प्रतिवाद उत्तर प्रस्तुत किया जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ग्वालियर का अभिमत चाहा गया जो संचालनालय में अप्राप्त किंतु डॉ.ए.के.सिंधल द्वारा उन्हें जारी नोटिस के प्रस्तुत प्रतिवाद उत्तर का संचालनालय स्तर पर परीक्षण किये जाने पर डॉ.सिंधल पर किसी प्रकार की कोई वित्तीय या गंभीर अनियमितता के आरोप नहीं होने के परिणामस्वरूप डॉ.ए.के.सिंधल, शिशुरोग विशेषज्ञ, सिविल हास्पिटल, ग्वालियर के विरूद्ध संचालनालय के पत्र क्रमांक.1838 दिनांक 4.8.2016 द्वारा जारी कारण बताओं नोटिस,एतद् आदेश द्वारा उन्हें भविष्य के लिये सचेत करते हुये समाप्त किया जाता है।

स्वास्थ्य आयुक्त,मध्यप्रदेश द्वारा आदेशित।

(डॉ.कैलाश बुन्देला)
अपर संचालक (प्रशासन)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश
भोपाल, दिनांक

पृ.क्रमांक.4 / शिका. / सेल.7 / मंदसौर / 2019 /
प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रमुख सचिव,मध्यप्रदेश शासन,लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,मंत्रालय,वल्लभ भवन, भोपाल मध्यप्रदेश की ओर प्रेषित।
2. कलेक्टर, जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश की ओर उनके पत्र क्रमांक. / क्यू. / एस.टी. / 15–ब / 83 / 2016 / दिनांक 02.02.2016 के संदर्भ में प्रेषित।
3. उप संचालक,विज्ञप्त / गोपनीय / लीगल शाखा स्थानीय कार्यालय।
4. क्षेत्रीय संचालक,स्वास्थ्य सेवायें,ग्वालियर संभाग,ग्वालियर, मध्यप्रदेश की ओर प्रेषित।
5. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर, मध्यप्रदेश।
6. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,जिला ग्वालियर,मध्यप्रदेश।
7. डॉ.ए.के.सिंधल, शिशुरोग विशेषज्ञ, सिविल हास्पिटल, ग्वालियर मध्यप्रदेश।
8. संभागीय कोष एवं लेखा ग्वालियर संभाग,ग्वालियर,मध्यप्रदेश।
9. प्रभारी एम.आई.एस.सेल.स्थानीय कार्यालय की ओर जारी आदेश की प्रति भेजकर लेख किया जाता है कि जारी आदेश विभाग की वेब साईट पर अपलोड़ करने का कष्ट करें।

अपर संचालक (प्रशासन)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

क./4/शिका./सेल–4/दमोह/एफ–13/2019/ 2930 भोपाल, दिनांक 15/10/19

प्रति,

श्री लखन लाल तिवारी,
मलेरिया निरीक्षक,
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र,पथरिया,
जिला–दमोह, मध्यप्रदेश।

द्वारा:– मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दमोह।

विषय:–श्री लखन लाल तिवारी,मलेरिया निरीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पथरिया, जिला–दमोह, मध्यप्रदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम ,1966 के नियम 16 के अंतर्गत कारण बताओ नोटिस ।

–00–

यह कि आप श्री लखन लाल तिवारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पथरिया में मलेरिया निरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं।

आपकी पदस्थी के दौरान संयुक्त संचालक,व्ही.बी.डी.सी.पी. संचालनालय स्वास्थ्य सेवाये, मध्य प्रदेश द्वारा दिनांक 21.04.2018 को सायं 4.00 बजे मलेरिया राष्ट्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक कार्यालय जिला मलेरिया अधिकारी, दमोह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हटा जिला–दमोह में आहूत की गई थी । इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी के माध्यम से संबंधित कर्मचारियों को बैठक में उपस्थित रहने की सूचना दी गई थी, किन्तु आप बैठक में अनुपस्थित रहे । खण्ड चिकित्सा अधिकारी पथरिया द्वारा भी आपकी उपस्थिति को लेकर शिकायत की गई थी । उक्त संबंध में संचालनालय के पत्र क्रं.8/मले/324 दिनांक 28/4/18 द्वारा आपको स्पष्टकरण पत्र जारी किया गया था, जिसका उत्तर आपके द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दमोह के माध्यम से दिनांक 7/5/19 को दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आपके उत्तर असहमति व्यक्त करते हुए संचालनालय को प्रेषित किया है ।

आपका उक्त कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम, 3 के उप नियम, एक के खण्ड (i) (ii) (iii) के अनुरूप न होकर कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही की श्रेणी में आता है तथा आप उक्त कृत्य करके अपने कार्य के प्रति सन्निष्ठ एवं कर्त्तव्य परायण न रहते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही के भागी बन गए हैं।

अतः आप नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर अपना प्रतिवाद उत्तर प्रस्तुत करें कि क्यों न आपके विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 10 के अन्तर्गत लघुशास्ति अधिरोपित की जावे ? यदि आपका उत्तर समय–सीमा में प्राप्त नहीं होता है, तो यह मानकर कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है, एक पक्षीय कार्यवाही कर निर्णय लेते हुये प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा ।

15/10

(नीतेश व्यास)
स्वास्थ्य आयुक्त
मध्य प्रदेश

क./4/शिका./सेल–4/दमोह/एफ–13/2019/2931 भोपाल दिनांक 15/10/19

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1 क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, सागर संभाग, सागर, मध्य प्रदेश।
2 संयुक्त संचालक,व्ही.बी.डी.सी.पी., स्थानीय कार्यालय की टीप दिनांक 14/06/2018।
3. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दमोह की ओर जारी कारण बताओं नोटिस की प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि जारी नोटिस की प्रति श्री लखन लाल तिवारी, मलेरिया निरीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द, पथरिया, जिला–दमोह, मध्यप्रदेश को तामील कराते हुये, तामीली रिर्पोट अधोहस्ताक्षरकर्ता को 03 दिवस में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।
4. जिला मलेरिया अधिकारी, दमोह।
5. प्रभारी एम.आई.एस.सेल,स्थानीय कार्यालय की ओर जारी नोटिस की प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि जारी नोटिस विभाग की वेब साइड पर अपलोड करावें।
6. आदेश नस्ती।

15/10

स्वास्थ्य आयुक्त
मध्य प्रदेश

पंजीकृत ए.डी. डाक से

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

क्रमांक/4/शिका./अना.अनु./फा.557/ **भोपाल दिनांक / /2019,**

प्रति,

डॉ0 बसंत सारस्वत,
चिकित्सा अधिकारी,
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुंदरसी
जिला–बुरहानपुर म.प्र.।

द्वारा :– क्षेत्रीय संचालक,स्वास्थ्य सेवायें इन्दौर संभाग इन्दौर मध्यप्रदेश।

विषयः– डॉ0 बसंत सारस्वत, चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुंदरसी जिला बुरहानपुर मध्यप्रदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम,16 के अंतर्गत कारण बताओं नोटिस।

––00––

यह कि आप डॉ0 बसंत सारस्वत, चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुंदरसी जिला बुरहानपुर दिनांक 15.10.16 से 15.09.18 तक बिना आवेदन दिये व अवकाश स्वीकृति कराये अपने कर्तव्यस्थल से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे।

आपका यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 7 के प्रावधान "कोई भी शासकीय सेवक अवकाश (आकस्मिक अथवा अन्य) पर उसके स्वीकृत हो जाने के पूर्व प्रगमन नहीं करेगा" का उल्लंघन एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3 के उप नियम–एक के खण्ड (i)(ii)(iii) का उल्लंघन होकर कर्तव्य हीनता की श्रेणी में आता हैं। इस प्रकार आप; अपने कार्य के प्रति सन्निष्ठ एवं कर्त्तव्य परायण न रहते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही की भागी बन गए हैं।

अतः आप यह सूचना पत्र प्राप्ती के 15 दिवस के अन्दर अपना प्रतिवाद उत्तर क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, इन्दौर संभाग, इन्दौर के माध्यम से प्रस्तुत करें, कि क्यों न आपके विरूद्ध उक्त कृत्य हेतु मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 के अंतर्गत लघुशास्ति अधिरोपित की जावें? यदि आपका उत्तर समय–सीमा में प्राप्त नही होता है तो यह मानकर कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में निर्णय किया जावेगा।

(नीतेश व्यास)
आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनाय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

पृ.क.क्रमांक/4/शिका./अना.अनु./फा.557/ 232 /– **भोपाल,दिनांक** 11 /10/2019,

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रमुख सचिव म.प्र.शासन, लोक स्वास्थ्य एवं प.क.विभाग,मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल म.प्र.।
2. उप संचालक,विज्ञप्त/गोपनीय/लीगल स्थानीय कार्यलय।
3. कलेक्टर,जिला–बुरहानपुर म.प्र.।

4. क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, इन्दौर संभाग इन्दौर म.प्र.। कारण बताओं सूचना पत्र को इनके स्थाई पते पर भेजें, कारण बताओं सूचना पत्र की तामीली करवाया जाना भी सुनिशिचत करें एवं इनकी पदस्थापना स्थल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर पंचनामा तैयार करें। कृपया अभिस्वीकृति /पंचनामे का पालन प्रतिवेदन 10 दिवस में आद्योहस्ताक्षरकर्ता को भिजवाना सुनिश्चित करें।
5. कलेक्टर, जिला–बुरहानपुर म.प्र.।
6. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बुरहानपुर, म.प्र.।
7. सिविल सर्जन सह अधीक्षक, जिला चिकित्सालय बुरहानपुर म.प्र.।
8. प्रभारी एम.आई.एस.सेल, स्थानीय कार्यालय की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है, कि विभागीय बेबसाइट पर अपलोड करावें।
9. आदेश नस्ती।

8/9/10

(नीतेश व्यास)
आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनाय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

पंजीकृत ए.डी. डाक से

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

क्रमांक/4/शिका./अना.अनु./फा.548/ भोपाल दिनांक / /2019,

प्रति,

डॉ0 एकांश राय,
चिकित्सा अधिकारी,
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्लीमनाबाद,
जिला–कटनी म.प्र.।

द्वारा :– मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय कटनी म.प्र.।

विषयः– डॉ0 एकांश राय,चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्लीमनाबाद, जिला कटनी मध्यप्रदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम,16 के अंतर्गत कारण बताओं नोटिस।

––00––

यह कि आप डॉ0 एकांश राय, चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्लीमनाबाद विकास खण्ड बहोरीबंद,जिला कटनी दिनांक 16.04.2018 से 22.01.2019 तक बिना आवेदन दिये व अवकाश स्वीकृति कराये अपने कर्तव्यस्थल से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहे।

आपका यह कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 7 के प्रावधान "कोई भी शासकीय सेवक अवकाश (आकस्मिक अथवा अन्य) पर उसके स्वीकृत हो जाने के पूर्व प्रगमन नहीं करेगा" का उल्लंघन एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3 के उप नियम–एक के खण्ड (i)(ii)(iii) का उल्लंघन होकर कर्तव्य हीनता की श्रेणी में आता हैं। इस प्रकार आप अपने कार्य के प्रति सन्निष्ठ एवं कर्त्तव्य परायण न रहते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही की भागी बन गए हैं।

अतः आप यह सूचना पत्र प्राप्ती के 15 दिवस के अन्दर अपना प्रतिवाद उत्तर क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, जबलपुर संभाग, जबलपुर के माध्यम से प्रस्तुत करें, कि क्यों न आपके विरूद्ध उक्त कृत्य हेतु मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 के अंतर्गत लघुशास्ति अधिरोपित की जावें? यदि आपका उत्तर समय–सीमा में प्राप्त नही होता है तो यह मानकर कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण में निर्णय किया जावेगा।

(नीतेश व्यास)
आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनाय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

पृ.क.क्रमांक/4/शिका./अना.अनु./फा.548/230/– भोपाल,दिनांक 11/10/2019,

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रमुख सचिव म.प्र.शासन, लोक स्वास्थ्य एवं प.क.विभाग,मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल म.प्र.।
2. उप संचालक,विज्ञप्त/गोपनीय/लीगल स्थानीय कार्यलय।
3. कलेक्टर,जिला–कटनी म.प्र.।

4. क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, जबलपुर संभाग जबलपुर म.प्र.।
5. कलेक्टर, जिला–कटनी म.प्र.।
6. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कटनी म.प्र.। कारण बताओं सूचना पत्र को इनके स्थाई पते पर भेजें, कारण बताओं सूचना पत्र की तामीली करवाया जानां भी सुनिशिचत करें एवं इनकी पदस्थापना स्थल के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर पंचनामा तैयार करें। कृपया अभिस्वीकृति /पंचनामे का पालन प्रतिवेदन 10 दिवस में आद्योहस्ताक्षरकर्ता को भिजवाना सुनिश्चित करें।
7. सिविल सर्जन सह अधीक्षक, जिला चिकित्सालय कटनी म.प्र.।
8. प्रभारी एम.आई.एस.सेल, स्थानीय कार्यालय की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है, कि विभागीय बेबसाइट पर अपलोड करावें।
9. आदेश नस्ती।

(नीतेश व्यास)
आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनाय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

क./4/शिका./सेल–5/एससीएन/2019/2914 भोपाल, दिनांक 9/10/19

प्रति,

डॉ. इन्द्रजीत सिंह सिकरवार,
उप संचालक (अस्पताल प्रशासन एवं औषधि प्रकोष्ठ शाखा),
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल, मध्यप्रदेश।

द्वाराः–संयुक्त संचालक, कार्यालय स्थापना शाखा, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल, म.प्र.।

विषयः–डॉ. इन्द्रजीत सिंह सिकरवार, उप संचालक (अस्पताल प्रशासन एवं औषधि प्रकोष्ठ शाखा), संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, मध्यप्रदेश– के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम 16 के अंतर्गत।

––0––

यह कि आप डॉ. इन्द्रजीत सिंह सिकरवार, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल में उप संचालक (अस्पताल प्रशासन एवं औषधि प्रकोष्ठ शाखा) के पद पर पदस्थ हैं।

न्यायालय द्वितीय अपर सत्र जिला न्यायाधीश भोपाल के आदेश के पालन में मेसर्स किलपेस्ट इंडिया लिमिटेड को समय पर राशि का भुगतान नहीं होने से उनके द्वारा भुगतान हेतु दायर प्रकरण एम.पी./3101/2019 में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के कार्यालय की कुर्की की कार्यवाही करके दिनांक 17.05.2019 को प्रस्तुत करने के आदेश जारी किये गये थे। तत्समय आप उप संचालक, औषधि प्रकोष्ठ शाखा में पदस्थ थे। आपके द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष लिखित रूप में एक माह में राशि माननीय न्यायालय में जमा करवा दूंगा संबंधी आश्वासन दिया गया था। (छायाप्रति संलग्न)

यह कि आपके द्वारा दिनांक 17.05.2019 से दिनांक 24.09.2019 के मध्य कुल 04 माह से अधिक का समय व्यतीत हो जाने के उपरांत भी मेसर्स किलपेस्ट इंडिया लिमिटेड का लंबित भुगतान की कार्यवाही आपके द्वारा पूर्ण नहीं की गई जिसके परिणामस्वरूप दिनांक 24.09.2019 को कार्यालय द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश भोपाल के कर्मचारियों का दल संचालक, स्वास्थ्य सेवायें के कक्ष एवं औषधि प्रकोष्ठ शाखा की संपत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही हेतु उपस्थित हुआ। कुर्की दल द्वारा संचालक, स्वास्थ्य सेवायें के कक्ष एवं औषधि प्रकोष्ठ की समस्त सामग्री को कोरिडोर में इकट्ठा कर सूचीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही करते समय कुर्की दल को भुगतान की कार्यवाही हेतु लिखित आश्वासन पुनः दिया गया तत्पश्चात कुर्कीदल द्वारा कुर्की की कार्यवाही को स्थगित किया गया। (छायाप्रति संलग्न)

आपको उक्त घटना की संपूर्ण जानकारी पूर्व से एवं समय समय पर होने के बावजूद भी आपके द्वारा मेसर्स किलपेस्ट इंडिया लिमिटेड को माननीय न्यायालय निर्णय के परिपालन में तथा माननीय न्यायालय को लिखित आश्वासन देने के उपरांत भी प्रकरण में गंभीरतापूर्वक ध्यान देते हुये भुगतान की कार्यवाही को समय पर पूर्ण नही करवाया। न्यायालय द्वारा की गई कुर्की की कार्यवाही से विभाग की छवि धूमिल हुई। इस प्रकार आपने अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन उचित ढंग से संपादित नहीं कर प्रकरण में लापरवाही की गई।

.....2

आपका उक्त कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम, 3 के उप नियम, एक के खण्ड (i) (ii) (iii) के अनुरूप न होकर कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता की श्रेणी में आता है तथा आप उक्त नियमों का पालन न कर अपने कार्य के प्रति सन्निष्ठ एवं कर्त्तव्य परायण न रहते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही के भागी बन गये हैं।

अतः आप नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर अपना प्रतिवाद उत्तर संयुक्त संचालक, कार्यालय स्थापना शाखा, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल के माध्यम से प्रस्तुत करें कि क्यों न आपके विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 10 के अन्तर्गत लघुशास्ति अधिरोपित की जावे? यदि आपका उत्तर समय–सीमा में प्राप्त नहीं होता है, तो यह मानकर कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है, एक पक्षीय कार्यवाही का निर्णय लेते हुये प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा।

(नीतेश व्यास)
आयुक्त स्वास्थ्य
मध्य प्रदेश

क./4/शिका./सेल–5/एससीएन/2019/ भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन,लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।
2. कलेक्टर ,जिला भोपाल, मध्यप्रदेश।
3. संचालक, अस्पताल प्रशासन शाखा, स्थानीय कार्यालय, भोपाल, मध्यप्रदेश।
4. उप संचालक विज्ञप्त/गोपनीय शाखा/लीगल शाखा स्थानीय कार्यालय ।
5. संयुक्त संचालक, कार्या.स्था., स्थानीय कार्यालय की ओर जारी कारण बताओं नोटिस की प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि जारी नोटिस की प्रति डॉ. इन्द्रजीत सिकरवार, उपसंचालक (अस्पताल प्रशासन एवं औषधि प्रकोष्ठ शाखा), संचलनालय स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल मध्यप्रदेश को तामिली कराते हुये तामिली रिर्पोट अधोहस्ताक्षरकर्ता को समय सीमा में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
6. प्रभारी एम.आई.एस.सेल, स्थानीय कार्यालय की ओर जारी नोटिस की प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि जारी नोटिस विभाग की वेब साइड पर अपलोड करावें।
7. आदेश नस्ती।

आयुक्त स्वास्थ्य
मध्य प्रदेश

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

कमांक/4/शिका./सेल–2/धार/2019/2912 भोपाल दिनांक 9/10/2019

प्रति,

डॉ. सुदेश कुमार सरल,
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला धार मध्यप्रदेश।

द्वारा– क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, इंदौर म.प्र.।

विषयः– डॉ. सुदेश कुमार सरल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला धार को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 16 के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने बावत्।

–––––000–––––

यह कि आप डॉ. सुदेश कुमार सरल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला धार के पद पर पदस्थ है।

क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेचायें, इन्दौर संभाग, इन्दौर के पत्र दिनांक 23.05.2019 के माध्यम से आपका आवेदन पत्र दिनांक 16.05.2019 संचालनालय को प्राप्त हुआ। आपके द्वारा दिनांक 10.06.2019 से 20.05.2019 तक विदेश प्रवास की अनुमति चाही गई थी।

यह कि प्रदेश में तत्समय दस्तक अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा था जिसके कारण आपका विदेश प्रवास का आवेदन पत्र दिनांक 16.05.2019 स्वीकृति नहीं किया गया, किन्तु आप अनुमति/स्वीकृति प्राप्त किये बिना विदेश प्रवास पर चले गये।

आपका उक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम–7 एवं 3 के उपनियम, एक के खण्ड (i) (ii) (iii) के उल्लंघन की श्रेणी में आता है तथा आप उक्त कृत्य करके अनुशासनात्मक कार्यवाही के भागी बन गये है।

अतः आप नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर अपना प्रतिवाद उत्तर उचित माध्यम से प्रस्तुत करें कि क्यों न आपके विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के अंतर्गत लघु शास्ति अधिरोपित की जावे ? यदि आपका उत्तर समय–सीमा में प्राप्त नही होता है तो यह मानकर कि आपको अपने पक्ष में कुछ नही कहना है एक पक्षीय कार्यवाही का निर्णय लेते हुये प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेंगा।

(नीतेश व्यास)
आयुक्त स्वास्थ्य
मध्यप्रदेश

निरन्तर..2

पृ. क्र./4/शिका./सेल–2/धार/2019/ भोपाल दिनांक/10/2019

प्रतिलिपीः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1 प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।

2 संचालक (प्रशासन) संचालनालय स्वास्थ्य सेवाये म.प्र.।

3 उप संचालक, विज्ञप्त/गोपनीय/लीगल/स्थानीय कार्यालय।

4 कलेक्टर, जिला धार म.प्र.।

5 क्षेत्रीय संचालक,स्वास्थ्य सेवायें इन्दौर संभाग इन्दौर की ओर प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि डॉ. सुदेश कुमार सरल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला धार को तामील कराते हुये तामीली रिपोर्ट सात दिवस में भिजवाना सुनिश्चित करें।

6 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धार म.प्र.।

7 सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक धार म.प्र.।

8 प्रभारी एम.आई.एस. सेल स्थानीय कार्यालय की ओर जारी नोटिस की प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि जारी नोटिस विभाग की वेवसाइट पर अपलोड करावें।

9 आदेश नस्ति ।

आयुक्त स्वास्थ्य
मध्यप्रदेश

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

कमांक/4/शिका./सेल–7/देवास/2019/2840 भोपाल दिनांक 3/10/2019

प्रति,

श्रीमती उमा वर्मा,
स्टाफ नर्स,
सी.एच.सी. साडा राधोगढ जिला गुना मध्यप्रदेश।

द्वारा– **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गुना म.प्र.।**

विषयः– **कारण बताओं सूचना पत्र विरूद्ध– श्रीमती उमा वर्मा स्टॉफ नर्स सी.एच.सी. साडा राधोगढ जिला गुना मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 16 के अंतर्गत।**

------000------

यह कि आप श्रीमती उमा वर्मा सी.एच.सी. साडा राधोगढ **जिला – गुना स्टाफ नर्स** के पद पर पदस्थ है।

आपकी पदस्थी के दौरान प्रसूता माधुरी पत्नि नीरज सोनी को दिनांक 31 जनवरी 2018 को प्रसव पीडा होने पर रात्री 10.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साडा राधोगढ में भर्ती किया गया। उस दिन आप नाइट ड्यूटी पर थी। इस प्रकरण में नवजात शिशु का स्टल वर्थ एवं प्रसूता की मातृ मृत्यु हुई जिसमें आपके द्वारा अपने कथन में वास्तिविक जानकारी न देते हुए शासन को भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की गई।

प्रसूता माधुरी की भर्ती के दौरान आपके द्वारा केस सीट में लीकिंग अवधि का उल्लेख नही किया गया। केस सीट के नोटस के अनुसार प्रातः 2.00 बजे तक सारे पार्टोग्राफ सामान्य थे तब आपके द्वारा हाई रिस्क की कैसे पहचान की गई ओर मॉ श्रीमती शांति सोनी से हाई रिस्क कंसेंट लिये जाने का उल्लेख किया गया। श्रीमती शांति सोनी द्वारा अपने कथन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि उन्हें हाई रिस्क के बारे में नही बताया गया। आपके द्वारा प्रसूता माधुरी को रैफर करने की जानकारी देते हुए श्रीमती शांति सोनी से हस्ताक्षर कराये गये। हस्ताक्षर के नीचे समय भी श्रीमती शांति सोनी द्वारा अंकित नही किया गया। प्रसूता की मॉ स्वयं आंगनवाडी कार्यकर्ता है ओर उनका कथन है कि यदि उक्त जोखिम के संबंध में जानकारी दी होती तो वे तत्काल उच्च संस्था में ले जाते। जिला अस्पताल मात्र 31 कि.मी. की दूरी पर ही था। अतः आपके द्वारा हाई रिस्क की पहचान नही की गयी और प्रसूता के परिजनों को हाई रिस्क के बारे में समुचित जानकारी दी जानी थी जो कि प्रदान नही की गयी।

यह कि प्रातः 4.00 बजे तक प्रसूता के स्टेबल होने का उल्लेख केस शीट में किया गया है। इसके बाद एफ.एच.एस. कम होने लगा फीटल डिस्ट्रेस था और प्रातः 5:05 पर 3:25 किलोग्राम का स्टिल बर्थ होना यह बताता है कि प्रसव की प्रगति प्रोटोकॉल के अनुसार निगरानी नहीं रखी गयी। जब एफ.एच.एस. कम होने लगा तब आपने चिकित्सक को नही बुलाया। आपके इस लापवाही पूर्ण कृत्य से प्रसूता एवं शिशु के जीवन को खतरा हुआ और उनकी जान नही बचाई जा सकी।

आप स्किल लैब का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी है और प्रोटोकॉल के अनुसार पी.पी.एच. का प्रबंधन करने में सक्षम थी। केसशीट में एपिजियोटमी प्लेसेन्टा निकलने के बाद माइल्ड पीपीएच होना लेख किया है। जबकि डॉ. अंकित पाण्डेय जैन के अनुसार ड्रिपिंग्स रक्त से गीले थे एवं बकेट में भी रक्त था गर्भाशय संकुचित नही था, केन्युला चिकित्सक ने लगाया अतः केसशीट में पी.पी.एच. का उचित प्रबंधन करने के स्थान पर आपके द्वारा मिथया जानकारी लेख की गयी जो कि मरीज के प्रति आपकी गैरजिम्मेदाराना एवं लापरवाहीपूर्ण कृत्य की ओर इंगित करता है।

आकस्मिक स्थिति में शासकीय वाहन से रैफर किया जाना चाहिए था जबकि परिजन ने प्राइवेट वाहन में जिला चिकित्सालय ले जाने का उल्लेख किया है। रैफर स्लिप अनुसार आपके द्वारा सटेवल स्थिति में प्रातः 6.10 बजे प्रसूता को वाहन में गुना ले जाने स्थानांतरित किया। जबकि अस्पताल से बाहर निकलते ही 10 मिनिट बाद प्रसूता की मृत्यु हो गयी। यदि स्टेवल स्थिति में रैफर किया है तो 10 मिनिट में ही उसकी मृत्यु कैसे हो सकती है। अतः स्पष्ट हैं कि आपके द्वारा रैफर स्लिप केस शीट में दी गयी जानकारी मिथ्या, भ्रामक एवं असत्य है। आपका यह कृत्य सेवा में कमी दर्शाता है।

आपका उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3 के उपनियम, एक के खंण्ड (i)(ii)(iii) के अनुरूप न होकर कर्तव्य में गम्भीर लापवाही की श्रेणी में आता है। उक्त कृत्य करके आप अनुशासनात्मक कार्यवाही के भागी बन गये है।

अतः आप नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर अपना प्रतिवाद उत्तर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गुना के माध्यम से प्रस्तुत करें क्यों न आपके विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 में वर्णित लघु शास्ति अधिरोपित की जावें ? यदि आपका उत्तर समय–सीमा में प्राप्त नही होता है तो यह मानकर कि आपको अपने पक्ष में कुछ नही कहना है एक पक्षीय कार्यवाही का निर्णय लेते हुये प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा।

01/10
(नीतेश व्यास)
आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

पृ.क./4/शिका./सेल–7/देवास/2019/2841 भोपाल दिनांक 3/10/2019

प्रतिलिपीः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1 प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।
2 मिशन संचालक एन.एच.एम. अरेरा हिल्स भोपाल म.प्र.।
3 उप संचालक, विज्ञप्त/लीगल/गोपनीय स्थानीय कार्यालय।
4 क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाये, ग्वालियर संभाग ग्वालियर म.प्र.।
5 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गुना की ओर **श्रीमती उमा वर्मा स्टॉफ नर्स सी.एच.सी. साडा राधोगढ जिला गुना म.प्र. को** जारी कारण बताओं नोटिस की प्रति प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि जारी नोटिस संबंधित को तामिली कराते हुए तामिली रिर्पोट एवं संबंधित से प्रतिवाद उत्तर प्राप्त कर अभिमत सहित संचालनालय को शीघ्र उपलब्ध करावें।
6 प्रभारी एम.आई.एस. सेल स्थानीय कार्यालय की ओर जारी नोटिस की प्रति भेजकर निर्देशित किया जाता है कि जारी नोटिस विभाग की वेवसाइट पर अपलोड करावें।
7 आदेश नस्ति ।

01/10
आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

क्रमांक/4/शिका./सेल–7/देवास/2019/2838 भोपाल दिनांक 3/10/2019

प्रति,

डॉ. सुदेश कुमार सरल,
तत्कालीन प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला देवास वर्तमान में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, धार मध्यप्रदेश।

द्वारा– क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाये, इन्दौर संभाग इन्दौर म.प्र.।

विषयः– कारण बताओं सूचना पत्र विरूद्ध– डॉ. सुदेश कुमार सरल तत्कालीन प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला देवास मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 16 के अंतर्गत।

–––––000–––––

यह कि आप **डॉ.सुदेश कुमार सरल जिला – देवास में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी** के पद पर में पदस्थ थे।

कलेक्टर देवास ने पत्र क्रमांक 2673 दिनांक 17.07.2019 द्वारा जांच प्रतिवेदन की प्रति संलग्न प्रेषित करते हुए लिखा है कि आपकी पदस्थी के दौरान राष्ट्रीय दृष्टीहीनता अभियान के अंतर्गत नबम्बर 2018 में जिले के शासकीय स्कूलों में छात्रों का नेत्र परीक्षण किया गया था जिसमें 2574 छात्र, छात्राओं को विभिन्न दृष्टिदोष होने के कारण चश्मे बनवाकर वितरित किया जाना था। निविदा प्रक्रिया के तहत् मोनिका आप्टिकल इन्दौर को चश्मे बनाने की निविदा प्राप्त हुई थी जिसके द्वारा फरवरी 2019 में चश्मे तैयार कर जिला चिकित्सालय देवास में दे दिये गये थे। मोनिका आप्टिकल इन्दौर को कार्य पूर्ण करने के उपरांत दिनांक 31.03.2019 को राशि रूपये 8,82,227/– कर भुगतान कर दिया गया। कुल प्राप्त 2574 चश्मों में से 1386 चश्मों का वितरण किया जा चुका है। 1188 चश्मों का वितरण किया जाना शेष है। जांच प्रतिवेदन की प्रति संलग्न है–पृष्ठ 1 से 4।

इस प्रकार राष्ट्रीय दृष्टिहीनता अभियान के अंतर्गत बनवाये गये चश्मों के वितरण में विलम्ब हुआ। आपके द्वारा रूचि नहीं लिये जाने के कारण उक्त स्थिति निर्मित हुई जो कर्तव्य के प्रति लापरवाही है। आपका उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 3 के उपनियम, एक के खंण्ड (i)(ii)(iii) के उल्लंघन की श्रेणी में आता है उक्त कृत्य करके आप अनुशासनात्मक कार्यवाही के भागी बन गये है।

अतः आप नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस के अंदर अपना प्रतिवाद उत्तर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाये उज्जैन के माध्यम से प्रस्तुत करें क्यों न आपके विरूद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 में वर्णित लघु शास्ति अधिरोपित की जावें ? यदि आपका उत्तर समय–सीमा में प्राप्त नही होता है तो यह मानकर कि आपको अपने पक्ष में कुछ नही कहना है एक पक्षीय कार्यवाही का निर्णय लेते हुये प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेंगा।

30/10

(नीतेश व्यास)
आयुक्त स्वास्थ्य
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

पृ.क./4/शिका./सेल–7/देवास/2019/ भोपाल दिनांक /09/2019

प्रतिलिपीः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1 प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।

2 कलेक्टर, देवास।

3 उप संचालक, विज्ञप्त/लीगल/गोपनीय स्थानीय कार्यालय।

4 क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाये, इन्दौर संभाग इन्दौर की ओर **डॉ सुदेश कुमार सरल तत्कालीन प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला देवास म.प्र. वर्तमान में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, धार को** जारी कारण बताओं नोटिस की प्रति प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि जारी नोटिस संबंधित को तामिली कराते हुए तामिली रिर्पोट एवं संबंधित से प्रतिवाद उत्तर प्राप्त कर अभिमत सहित संचालनालय को शीघ्र उपलब्ध करावें।

